तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 साहू समाज की दृष्टि से धमतरी सबसे शिक्षित जिला : अरूण





12 धान खरीदने की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन




## खबर संक्षेप

### सड़क सुरक्षा माह का समापन आज

**धमतरी।** यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरुकता लाने के उद्देश्य से आयोजित सड़क सुरक्षा माह 2026 का शनिवार को समापन किया जाएगा। महीने भर चले सड़क सुरक्षा माह के दौरान जनजागरुकता के अनेक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस जागरुकता अभियान का शनिवार की सुबह 11 बजे गांधी मैदान में समापन किया जाएगा।

### करगा में श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह 2 से

**अंवरी।** ग्राम करगा में श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन 2 से 10 फरवरी तक किया जा रहा है। कथावाचक पं. कुमेश शर्मा होंगे। 2 फरवरी को कलश यात्रा एवं गौकर्ण कथा, 3 को कथा प्रारंभ, 4 को ध्रुव चरित्र, 5 को प्रहलाद चरित्र, 6 को श्रीराम कथा एवं कृष्ण जन्म, 7 को श्री कृष्ण बाल लीला एवं रुक्मिणी विवाह, 8 को सुदामा चरित्र, 9 को परीक्षित मोक्ष एवं चढ़ोत्री, 10 फरवरी मंगलवार को गीता पाठ, पूर्णाहुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में राधेचरण साहू, प्रेमबती साहू, भूपति साहू, हेमलता साहू, गोविन्द साहू, गोमती साहू, संतोष साहू, मनभौतिन साहू जुटे हुए हैं।

### कोड़ेबोड़ में रामायण प्रतियोगिता 6 से

**सिर्री।** ग्राम कोड़ेबोड़ में रामायण आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक किया गया है। रंगोली, आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता, श्रेष्ठ श्रोता पुरस्कार के साथ ही अन्य विशेष पुरस्कार भी दिए जायेंगे। स्पर्धा में 35 मंडलियां भाग लेंगी। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष योगेश साहू, उपाध्यक्ष उत्तम साहू, कोषाध्यक्ष डेरहाराम साहू, सचिव घनश्याम सेन, खूबलाल साहू, संरक्षक पीआर मरकाम, हेमराज साहू जुटे हैं।



### चिटौद में क्रिकेट प्रतियोगिता 11 से

**पुरूर(धमतरी)।** शौर्य क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में ग्राम चिटौद में 11 से 15 फरवरी तक 5 दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम चिटौद में किया गया है। प्रवेश शुल्क 801 रूपये है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 20,001, द्वितीय 10,001, तृतीय 5,001, चतुर्थ 2501 रूपये नगद एवं ट्राफी प्रदान की जायेगी। आयोजन समिति के मो. इमरान खान ने बताया कि प्रतियोगिता में केवल ग्रामीण स्तरीय 32 टीम को ही प्रवेश दिया जायेगा। प्रतियोगिता की तैयारी में आयोजन समिति के तिलक कोर्राम, कृष्णकांत नागवंशी, सुमीत साहू, इमरान खान समेत अन्य जुटे हैं।

### लक्ष्य से 7.40 लाख क्विंटल कम हुई खरीदी, धान खरीदी की समय-सीमा नहीं बढ़ने से किसानों में मायूसी

# पंजीकृत 56 सौ किसान उपज बेचने से हुए वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शुक्रवार को धान उपार्जन केन्द्रों में भारी कश्मकश के बीच समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का पैकअप हो गया है। समुचित उपज बेचने से वंचित किसान धान खरीदी का समय बढ़ने की आस लगाए रह गए। पंजीकृत किसानों में से 56 सौ से अधिक किसान फसल नहीं बेच पाए तथा लक्ष्य से 7 लाख क्विंटल से कम खरीदी हुई है।

15 नवम्बर से शुरू धान खरीदी महोत्सव की बोहनी ही खराब रही। समिति प्रबंधकों एवं कर्मचारियों की हड़ताल से धान खरीदी प्रभावित रही फिर किसानों की एग्रीस्टेक टोकन, गिरदावरी जैसी अनेक समस्याओं ने किसानों को खूब रूलाया। खरीदी की अंतिम तिथि तक हजारों किसान अपनी समुचित उपज को बेचने से वंचित हो गए हैं। जिले में 1 लाख 29 हजार 592 किसानों में से 1 लाख 23 हजार 825 किसानों ने अपनी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय किया है। गत वर्ष 2024-25 में कुल 61 लाख 98 हजार 686 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी।

नोडल शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम 6 बजे की रिपोर्ट में जिले में धान की खरीदी 5892510 क्विंटल हुई है। इस साल खरीदी का लक्ष्य 6632590 क्विंटल था। जिले



में 11 बैंक शाखा अंतर्गत 74 समिति है। इन समितियों के तहत 100 उपार्जन केन्द्र हैं। कुरूद बैंक शाखा की सोसायटियों में दोपहर तक 13292 किसानों ने 6 लाख 73 हजार 869 क्विंटल, करेली, बैंक शाखा में 8 हजार 495 किसानों ने 3 लाख 96 हजार 322 क्विंटल, कोर्रा बैंक शाखा में 9713 किसानों ने 4 लाख 57 हजार 587 क्विंटल, दरबा बैंक शाखा में 6938 किसानों ने 3 लाख 12 हजार 435 क्विंटल, धमतरी बैंक शाखा में 17 हजार 678 किसानों ने 7 लाख 32 हजार 750 क्विंटल, नगरी बैंक शाखा में 19508 किसानों ने 10 लाख 30 हजार 967 क्विंटल, नारी बैंक शाखा अंतर्गत सोसायटियों में 4407 किसानों ने 1 लाख 93 हजार 375 क्विंटल, भखारा शाखा में 9919 किसानों ने 4 लाख 66 हजार 176 क्विंटल, मगरलोड शाखा में 14760 किसानों ने 7 लाख 14 हजार 120 क्विंटल, मरौद शाखा में 6853 किसानों 3 लाख 36 हजार 707 क्विंटल, सम्बलपुर शाखा में 10694 किसानों ने 4 लाख 90 हजार 535 क्विंटल धान का विक्रय किया है।

### धान खरीदकर ऋण चुकता करने की गुहार



समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी नहीं होने पर जिले के अनेक किसान हताश, उदास और परेशान हैं। धान खरीदी के अंतिम दिन कुकरेल तहसील के ग्राम बेन्द्रापानी के किसान सिरधन, मनीराम ने कलेक्टोरेट पहुंचकर जिलाधीश को आवेदन किया है कि कई वर्षों से सहकारी समिति गट्टासिल्ली उपकेन्द्र केरेगांव में लगातार रासायनिक खाद खरीदता है और धान बेचते आ रहा है। इस साल दिसम्बर माह से उपकेन्द्र केरेगांव में लगातार चक्कर लगाने के बाद भी टोकन नहीं कट रहा है। धान बिक्री एप में उसके नाम पर 49109 रूपये तथा रकबा 2.30 हेक्टेयर दिखता है लेकिन टोकन नहीं दिखाता है। धान नहीं बिकने से सोसायटी में कर्ज पटाने की भारी दिक्कत होगी। सिरधन ने धान बिक्री करवाकर ऋण समायोजन कराने की गुहार लगाई है।

**धान खरीदी की अवधि बढ़ाने, टोकन प्रणाली में आ रही गड़बड़ियों को दूर करने की मांग**

## कांग्रेसियों ने भखारा में किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी





धान खरीदी की अवधि बढ़ाने, टोकन प्रणाली में आ रही तकनीकी गड़बड़ियों को दूर करने तथा किसानों पर रकबा समर्पण का दबाव बंद करने व मनरेगा बचाव संग्राम को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा ने नगर में चक्काजाम किया।

प्रदर्शनकारियों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और किसानों की समस्याओं को लेकर रोष जताया। जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि टोकन में तकनीकी खामियों के कारण किसानों को समय पर धान बेचने में परेशानी हो रही है, वहीं खरीदी की समय-सीमा समाप्त होने से किसान आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होमेन्द्र साहू ने आरोप लगाया कि किसानों पर जबरन रकबा समर्पण का दबाव बनाया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने मांग की कि धान खरीदी की अवधि तत्काल बढ़ाई जाए, टोकन सिस्टम को दुरुस्त किया जाए और किसानों पर किसी भी प्रकार का दबाव बंद किया जाए। प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे तहसीलदार ज्ञापन लिया और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। मौके पर नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष भरत नाहर, विनोद साहू, शारदा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजू साहू ,प्रमोद सिन्हा जनपद प्रतिनिधि मंडल, अध्यक्ष रामचंद्र साहू, राजा बंजारे, संतोषी निषाद, गैंदलाल, चमन साहू, पार्षद गण मेघराज साहू, भानु गायकवाड़, अध्यक्ष पोखराज, सौरभ पाल, मयंक, लेखराम, एवन, मनोज, दयाराम, सोमनाथ साहू, बिसौहा, डोमार, विजेंद्र , अनिल निर्मलकर, दिलीप साहू, दया साहू, सुनील साहू, अशोक समेत बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेसी मौजूद थे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर आप ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धान खरीदी की तिथि 28 फरवरी तक बढ़ाने की मांग

आम आदमी पार्टी ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री तथा कृषि मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि जिले के किसानों का टोकन नहीं काटा जा रहा है। भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों का अपमान किया जा रहा है। पूर्व में एग्रीस्टेक में गड़बड़ी और सर्वर डाउन के कारण प्रदेश के लाखों किसानों का रकबा घटा दिया गया है। इसके बाद भी जबरदस्ती किसानों का समर्पण कराया जा रहा है। प्रतिदिन लिमिट होने के कारण कई किसान आधी फसल ही बेच पाये हैं। किसानों ने उपज लेने लाखों रूपये का कर्ज लिया है। धान नहीं बिक पाने से कई किसान आत्महत्या का प्रयास कर चुके हैं। आगे भी धान नहीं बिकने पर कई किसान आत्महत्या जैसा कदम उठायेंगे जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। आप ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि प्रदेश के किसानों की परेशानियों का शीघ्र निराकरण करें। धान खरीदी की तिथि 28 फरवरी तक बढ़ाई जाये ताकि प्रत्येक किसान अपनी उपज का एक-एक दाना बेच सके। अन्यथा पार्टी प्रदेश के किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान आम आदमी पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## साइबर हाइजीन निरीक्षण पर पुलिसकर्मियों को मिला प्रशिक्षण



- पुलिस मुख्यालय से आई साइबर एक्सपर्ट्स की टीम ने किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एक्सपर्ट ने साइबर हाइजीन निरीक्षण पर पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया। यह कार्यशाला पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के मार्गदर्शन में हुई। पुलिस मुख्यालय से आई साइबर एक्सपर्ट्स की टीम ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया। साइबर एक्सपर्ट्स ने सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, डाटा सुरक्षा, मजबूत एवं सुरक्षित पासवर्ड के उपयोग, ओटीपी व पिन की गोपनीयता, फिसिंग लिंक, ऑनलाइन ठगी तथा विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों पर जानकारी दी। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडेय, उपपुलिस अधीक्षक सुश्री मीना साहू, पुलिस मुख्यालय से आई उपनिरीक्षक अपराजितासिंह राणा, साइबर कमांडो एवं साइबर क्राइम पेट्रोलिंग यूनिट की टीम, धमतरी साइबर थाना प्रभारी सउनि प्रदीप सिंह, जिले के विवेचना अधिकारी, सीसीटीएनएस ऑपरेटर्स, साइबर थाना धमतरी की टीम सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

## नियमित भर्ती में कार्यानुभव अंक देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन नर्सेस कल्याण संघ ने स्टॉफ नर्सेस को कार्यानुभव अंक प्रदान करने की मांग की है।

धमतरी जिले के एनएचएम स्टॉफ नर्सेस ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कहा है कि वे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्टॉफ नर्स के पद पर कोविड-19 महामारी के पूर्व से लेकर वर्तमान में निरंतर सेवा दे रहे हैं। महामारी के दौरान अग्रिम पंक्ति पर रहकर समर्पित जनसेवा की है। वर्तमान में संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा स्टॉफ नर्स के 525 नियमित पदों पर भर्ती प्रक्रिया के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। सभी संविदा कर्मचारी लंबे समय से और कठिन परिस्थितियों में विभाग को सेवाएं दे रहे हैं। कार्य का विस्तृत जमीनी अनुभव है। नियमिति भर्ती में सेवा अवधि के आधार पर कार्यानुभव अंक प्रदान करने की मांग की गई है।






### दिल्ली की टीम कर रही अस्पताल का मूल्यांकन

# जिला अस्पताल पहली बार राष्ट्रीय गुणवत्ता योजना में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासन द्वारा चलाई जा रही एनक्यूएएस योजना में जिला अस्पताल पहली बार शामिल हुआ है। योजना के तहत दो सदस्यीय राष्ट्रीय टीम मूल्यांकन के लिए अस्पताल पहुंची है। यह मूल्यांकन शनिवार को भी जारी रहेगा।

भारत सरकार प्रत्येक वर्ष शासकीय अस्पतालों की सेवाओं की गुणवत्ता उच्च स्तर पर उपलब्ध कराने राष्ट्रीय गुणवत्ता सुनिश्चित योजना एनक्यूएएस चलाती है जिसके तहत स्वास्थ्य केंद्रों में उपल्ब्ध सुविधाओं का तीन स्तर पर राष्ट्रीय मापदंड के अनुसार मूल्यांकन किया जाता है। राष्ट्रीय टीम द्वारा किए गए अंतिम मूल्यांकन के आधार पर उक्त स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणत्ता आश्वासन



प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। क्वालीफाई होने के बाद सेंटर को प्रमाण-पत्र के साथ एक निश्चित राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाती है। यह राशि अस्पताल को लगातार तीन साल तक मिलती है। पुरस्कार के रिनिवल के लिए टीम प्रत्येक वर्ष अस्पताल का निरीक्षण करती है। अब तक जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एनक्यूएएस योजना में शामिल होकर राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके हैं। लेकिन जिला अस्पताल पहली बार एनक्यूएएस योजना में शामिल हुआ है। हालांकि जिला अस्पताल प्रत्येक वर्ष कायाकल्प योजना में शामिल होते आ रहा है। लेकिन अस्पताल की पुरानी हो चुकी बिल्डिंग के कारण पाइंट कट जाता है और जिला अस्पताल को सांत्वना पुरस्कार से ही संतुष्ट होना पड़ता है। वर्ष 2026 में पहली बार एनक्यूएएस में शामिल जिला अस्पताल के लिए शुक्रवार को दिल्ली की राष्ट्रीय टीम के प्रतीक मोदी व डा. जयश्री मूल्यांकन के लिए पहुंची। टीम द्वारा दो दिनों तक विभिन्न बिंदुओं पर 8 विधाओं का मूल्यांकन किया जाना है जिसमें अस्पताल मे उपलब्ध सुविधाएं, क्वालिटी डाक्यूमेंट, बायोमेडिकल वेस्ट का प्रबंधन, इंफेक्शन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का संचालन सहित अन्य बिंदु शामिल हैं। शुक्रवार को अस्पताल पहुंची दिल्ली की टीम ने मेटरनेटिव वार्ड, एचआरसी व आपरेशन थियेटर का निरीक्षण किया। वहीं टीम ओपीडी के एनआरसी विभाग भी पहुंची। इन विभागों का मूल्यांकन पश्चात टीम द्वारा अंक प्रदान किया जा रहा है। टीम शनिवार को भी शेष विभागों का मूल्यांकन कर रिपोर्ट तैयार करेगी। इस दौरान डा. आदित्य सिन्हा, डा. मेहताब अहमद, अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप, डा.राकेश साहू, डा.रविकिरण शिंदे, गुरूशरण साहू, मैट्रन पार्वती नेताम सहित अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

DMT_BHOOMI_31_2026-02_Layout 1 1/30/2026 10:04 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### मड़वापथरा में क्रिकेट 5 से

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम मड़वापथरा में एमपी क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 4 दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 5 से 8 फरवरी तक की गई है। प्रवेश शुल्क 750 रूपये है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15,001 रूपये, द्वितीय 7,001, तृतीय 2501 रूपये नगद एवं ट्राफी प्रदान की जायेगी। प्रतियोगिता की तैयारी में समिति के प्रेम मंडावी, शिवनारायण जुर्री, विकास नेताम, गोलू कुंजाम जुटे हैं।

### विभिन्न कोर्स में दिया जायेगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में सुरक्षा गार्ड, जल वितरण संचालन (नलजल मित्र), असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, टैक्सी ड्राइवर, रिटेल सेल्समेन, कम्प्यूटर हार्डवेयर, एसी रिपेयरिंग कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के इच्छुक 18 से 45 वर्ष तक की आयु वर्ग के आठवीं, दसवीं और 12 वीं उत्तीर्ण आवेदकों से 7 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन पत्र सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में जमा किया जा सकता है।

संसदीय गरिमा, भाषाई अनुशासन और विधायी प्रक्रियाओं का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# संभागस्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में सेजेस कुरुद बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

लोकतंत्र की सार्थकता केवल संसद भवन की दीवारों में नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी की तार्किक क्षमता और संवैधानिक समझ में निहित है। इसी बात का जीवंत प्रमाण पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेजेस कुरुद के विद्यार्थियों ने राजधानी रायपुर के प्रोफेसर जयनारायण पांडे विद्यालय में आयोजित संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में दिया है। धमतरी जिले ने रायपुर और गरियाबंद जैसी दिग्गज टीमों को पछाड़कर संभाग में प्रथम स्थान हासिल किया है।

यह जीत कुरुद की शैक्षणिक गुणवत्ता और बौद्धिक क्षमता का विजय-पत्र है। युवा संसद का सत्र जब शुरू हुआ, तो लगा ही नहीं कि यह स्कूली बच्चों का कार्यक्रम है। यहां संसदीय गरिमा, भाषाई अनुशासन और विधायी प्रक्रियाओं का ऐसा प्रदर्शन हुआ, जिसने अतिथियों को भी अचंभित कर दिया। सदन में यूएपीए एक्ट 1967 संशोधित और महंगाई जैसे गंभीर मुद्दे पटल पर रखे गए। कानून मंत्री कोनिका साहू ने विधेयक की तकनीकी बारीकियों को रखते हुए इसे राष्ट्रहित में अनिवार्य बताया। वहीं गृहमंत्री गौरव साहू, स्वास्थ्य मंत्री प्राची साहू और शिक्षा मंत्री स्वभाव अग्रवाल ने आंकड़ों के साथ सरकार की ढाल बनकर विपक्ष के हर हमले को नाकाम किया। विपक्ष का नेतृत्व कर रहे गोविंद नित्यानंद झा ने सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनके सहयोगी भूमिका, शिवांश गुरू, प्राची चंद्राकर और रेशमी साहू ने मिलावट, महिला सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था पर तीखे सवाल दागकर सत्ता पक्ष की जवाबदेही तय की। इस महामुकाबले में सेजेस कुरुद ने क्लीन स्वीप किया।

इस उपलब्धि पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर एसडीएम नभ सिंह कोसले, जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, बीआरसी कुलेश्वर सिन्हा शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रसन्न नायडू ने बधाई दी।





### सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदान की विजेता ट्राफी

प्रीति प्रजापति ने सदन का संचालन इतनी गंभीरता और निष्पक्षता से किया कि उन्हें सर्वश्रेष्ठ सभापति का खिताब मिला। गोविंद नित्यानंद की वाकपटुता और तार्किक प्रहारों ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष का सम्मान दिलाया। किसी भी युद्ध को जीतने के लिए सेनापति की रणनीति अहम होती है। इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे प्राचार्य रामप्रकाश का विजन और शिक्षकों का अथक परिश्रम था। मेनका साहू की कर्मठता ने छात्रों को विषय की गहराई दी। कौशलपुरी गोस्वामी ने उनके प्रस्तुतिकरण और कौशल को निखारा। जागृति ने बच्चों के भीतर तर्कों की प्रज्ञा जगाई। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि, वरिष्ठ सांसद बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर कलेक्टर महादेव कावरे ने विजेता ट्रॉफी कुरुद की टीम को सौंपी।

### यह कुरुद के बौद्धिक क्षमता की जीत है : अजय चंद्राकर

छात्रों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि यह जीत केवल एक स्कूल की नहीं, बल्कि पूरे कुरुद विधानसभा के बौद्धिक स्तर की जीत है। श्री चंद्राकर ने कहा कि सेजेस कुरुद के विद्यार्थियों ने राजधानी में अपनी तार्किक क्षमता और संसदीय ज्ञान का जो प्रदर्शन किया है, वह अद्भुत है। यह जीत साबित करती है कि कुरुद की माटी में प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता कूट-कूट कर भरी है। प्रीति, गोविंद और पूरी टीम ने कुरुद ही नहीं, बल्कि जिले का नाम रोशन किया है। यह जीत भविष्य के नूतन भारत की आधारशिला है और कुरुद के मस्तक पर एक और कलगी के समान है।

## अंचल की खबरें

### रानी दुर्गावती चौक में हुआ ध्वजारोहण




**नगरी।** गणतंत्र दिवस पर रानी दुर्गावती चौक में नगर के वरिष्ठ व्यक्ति ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

### बगौद में शान से लहराया तिरंगा



**अंवरी।** ग्राम बगौद में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। ग्राम बगौद के जय मां शारदा चौक में झण्डा फहराया गया। मौके पर हेमलाल साहू, पुरानिक राम साहू, संतराम यादव, पंच नागेश्वरी, हीरामणि साहू, लोमन साहू, लीलेश्वर अडिल, डिगेश्वर अडिल, चोवा साहू, झम्मन, थानेश्वर, लीलाराम साहू, किशन, हेमांशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष ने किया ध्वजारोह





**मगरलोड।** गणतंत्र दिवस पर साहू सामाजिक भवन ग्राम अरौद में ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष, सचिव तोषणलाल साहू व सुरेश साहू द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पूरन साहू, कोषाध्यक्ष महेन्द्र साहू, सहसचिव संतोष साहू, समाजसेवक खुमान साहू, पार प्रमुख कामताराम, पतराम, भूषण, उदयराम, फिरंताराम, विनय, खिलावन, गैंदराम, देवनारायण सहित अनेक सामाजिकजन उपस्थित थे।

### देश के अमर शहीदों को किया नमन



**धमतरी।** मां दंतेश्वरी हिंदी एवं इंग्लिश मीडियम स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष एसडी नानकानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी जिसके बाद राष्ट्रगान का गायन किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री नानकानी ने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डाला। उपाध्यक्ष सुन्दरपुरी गोस्वामी ने देश के अमर शहीदों का नमन किया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोनाली रजक ने किया। प्राचार्य श्रीमती लीला साहू ने बच्चों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताया। मौके पर मुरली आंदानी, विजय अग्रवाल, मनोज सोनी, कामिनी कौशिक, वीणा साहू, मोहन साहू, रूपा यादव, वर्षा देवांगन, पूर्वी सोनकर, दुर्गा देवांगन, प्रियंका यादव, ज्योति रामटेके, काजल यादव, छाया तिवारी, फाल्गुनी ढीमर, प्रवेश चांडक, भूखीन ध्रुव व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### अटंग में मानसगान सम्मेलन का हुआ शुभारंभ




**सिर्री।** ग्राम अटंग में युवा संघर्ष समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय मानसगान यज्ञ एवं सम्मेलन का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक रखा गया है। विभिन्न जिलों से ख्याति पराप्त 25 मानस मंडलियों की प्रस्तुति होगी। 30 जनवरी को पं. राधेरमण शर्मा द्वारा निम्मी चौबे के मुख्य आतिथ्य में आयोजन का शुभारंभ किया गया। अध्यक्षता सरपंच गायत्री इंद्रजीत चेलक ने की। विशेष अतिथि ओंकार साहू, गायत्री टेकराम साहू पूर्व सरपंच, तीजूराम साहू, रूपेंद्र चंद्राकर थे। शुक्रवार को अवध रघुनंदन मानस परिवार छलकनी नगरी, विश्वकल्याण मानस मंडली कन्हारपुरी कुरूद, जय मां विंध्येश्वरी महिला मानस मंडली गोकुलपुर धमतरी, गोपेश्वर बाल सखा मानस परिवार बिहाझर बागबहरा, गौरी महिला मानस परिवार गंगाकठेरा, मां गौरी बालिका मानस परिवार अरौद लीलर धमतरी, पारसमणि मानस परिवार रारपुर, रेशमी महिला मानस परिवार बिरकोनी महासमुंद की मंडलियों ने प्रस्तुति दी। आयोजन में रोशन चंद्राकर अध्यक्ष, रुद्रनाथ साहू उपाध्यक्ष, कुलेश्वर साहू कोषाध्यक्ष, डॉ द्वारिका साहू संरक्षक, धूषणलाल साहू सहित अन्य ग्रामीणों एवं पदाधिकारियों का सहयोग मिल रहा है। पुरुष एवं महिला मानस मंडलियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार की व्यवस्था की गई है।

### मानसगान में बेमेतरा व गुंडरदेही की मंडली रही अव्वल

**धमतरी।** हटकेश्वर वार्ड में श्री नागेश्वर मानस प्रचार एवं लीला मंडली तथा वार्डवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मानस मंडलियों ने भगवान राम के चरित्र, आदर्शों और भक्ति से जुड़े प्रसंगों की सुंदर प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से कुल 22 मंडलियों ने हिस्सा लिया। समापन अवसर के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। उन्होंने आयोजन की सराहना की। पुरूष वर्ग में प्रथम रघुवर मानस परिवार बावनलेखा बेमेतरा, द्वितीय हरिओम मानस चंद्रपुर अभनपुर, तृतीय जय जय गुरूदेव संकीर्तन फिंगेश्वर, चतुर्थ लवकुश मानस परिवार बोरसी, पंचम शिवशक्त मानस परिवार खम्हरिया रहे। श्रेष्ठ संगीत में मां के ममता चिल्हाटी कांकेर, श्रेष्ठ व्याख्या वात्सल्य मानस मंडली बागबाहरा, श्रेष्ठ अनुशासन में पतित पावन मां पाताल गंगा नयापारा डोमापदर दुधावा रहे। महिला वर्ग में प्रथम स्नेह महिला मानस नहर खपरी गुंडरदेही, द्वितीय स्वरांजलि महिला मानस मंडली भैंसाकट्टा चारामा, तृतीय हंसवाहिनी रामनगर भिलाई रहे। श्रेष्ठ संगीत में हरिओम महिला मानस मंडली बोरेंदा पाटन, श्रेष्ठ व्याख्या में जय मां गौरी बालिका अरौद लीलर, श्रेष्ठ अनुशासन में जय अंबे महिला मानस मंडली करगा की मंडली रही। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष बीएल निर्मल, सचिव ईश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र साहू सहित मंडली के सदस्यों और वार्डवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

## सरबदा स्कूल के वार्षिकोत्सव में गीत, नृत्य और नाटक की हुई प्रस्तुति

# बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान






हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

नानी कल्याण इंग्लिश मीडियम स्कूल सरबदा में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र- छात्राओं ने गीत, नृत्य और नाटक की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और समाज में आपसी जुड़ाव को मजबूत किया।

वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग




और उल्लास का वातावरण बना रहा। अतिथियों ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए शिक्षकों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत आवश्यक है।

# कुपोषित बच्चों के उपचार में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

- कलेक्टर ने मगरलोड पोषण पुनर्वास केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मगरलोड विकासखंड स्थित कुपोषित बच्चों के लिए संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं, उपचार प्रक्रिया एवं बच्चों को दी जा रही पोषण संबंधी सेवाओं का बारीकी से जायजा लिया।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने केंद्र में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति, उनके उपचार एवं नियमित निगरानी की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की माताओं से संवाद कर बच्चों के स्वास्थ्य में हो रहे सुधार, पोषण आहार, टीकाकरण एवं एएनसी जांच से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने माताओं को बच्चों के पोषण, स्वच्छता एवं नियमित




स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुपोषित बच्चों के उपचार एवं पोषण प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर और गुणवत्तापूर्ण रूप से उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत मगरलोड सुश्री दिव्या ठाकुर, परियोजना अधिकारी सुमित कुमार सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिला सम्मान

- फुसेरा स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

शासकीय हाई स्कूल अंतर्गत आदर्श माध्यमिक विद्यालय फुसेरा में गत वर्ष के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। निकटवर्ती ग्राम निवासी शिक्षक संतोष साहू द्वारा इस वर्ष भी मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आठवीं कक्षा में तुलेश्वरी ने प्रथम, सातवीं कक्षा में खुशबू ने द्वितीय, छठवीं कक्षा में साक्षी ने प्रथम, लिकेश्वरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं पांचवीं कक्षा में पायल ने प्रथम तथा ताजगी ने



द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। संस्था प्रमुख प्राचार्य मुरलीधर दीवान, शिक्षक रमाकांत साहू, संतोष नेताम, डिकेश साहू, भागवतराम मनहर, मनोज माहले, सुनील यादव, रचना ध्रुव, हेमलता ध्रुव, नीतू कवरेती एवं मनीषा साहू की उपस्थिति में विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र साहू ने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किए जाने से उनका मनोबल बढ़ता है। ऐसे प्रयासों से बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र भीमो ने कहा कि दान करना साहस और त्याग का कार्य है, जो समाज को सकारात्मक दिशा देता है।

# गणतंत्र दिवस पर वीरेंद्र और तीजन बाई हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

वर्तमान में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में कुरूद एसडीएम व रिटर्निंग ऑफिसर नभसिंह कोशले के मार्गदर्शन में कुरूद विधानसभा के प्रत्येक ग्राम में गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम चल रहा है। लगभग 4 महीने से प्रत्येक मतदाता के घर जाकर आवश्यक दस्तावेजों को प्राप्त करके एक-एक मतदाताओं का पहचान करके मतदाता सूची को शुद्ध बनाने का काम किया गया। इसी कड़ी में ग्राम डांडेसरा के सुपरवाइजर पटवारी वीरेंद्र बैस और भाग संख्या 139 की बीएलओ तीजनबाई साहू के कार्यों से प्रसन्न होकर जिला निर्वाचन कार्यालय ने दोनों को




सम्मानित किया। धमतरी जिला मुख्यालय के शोभाराम देवांगन स्कूल मैदान में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

इस उपलब्धि पर सरपंच खुमेश्वरी साहू, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकर, शेषनारायण साहू, आलोक चन्द्राकर, पंकज जोशी, अंगद चन्द्राकर, दीपक साहू, सुभाष ध्रुव, अंगद साहू, सालिक साहू, लक्ष्मण साहू, सचिव खेदनलाल निषाद, भोलेश्वर यादव, शिक्षक राजेश साहू, बीना गजेंद्र, डिगेश्वरी साहू, बिंदु साहू, मोहन साहू, गुलाब मानिकपुरी, एमन्त कंवर, टिकेश्वर साहू, प्रभुराम साहू, किरण साहू ने हर्ष

## जोरातराई में आयोजित हुआ तीन दिवसीय कबीर सत्संग

# चित्र नहीं चरित्र की पूजा करे : अभय साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पारख प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से जोरातराई (सिलौटी) में आयोजित तीन दिवसीय कबीर सत्संग में कहलगांव (बिहार) से पहुंचे संत अभय साहेब ने श्रोता समाज को सनातन का सही अर्थ समझाते हुए संत कबीर दास को इसके विरोधी नहीं बल्कि सच्चा संरक्षक बताया। उन्होंने तीर्थ, दीक्षा, धर्म और सनातन का व्याकरणगत विवेचना करते हुए विभिन्न शास्त्रों, पुराणों, रामचरितमानस, श्रीमद् भगवत गीता,बीजक एवं अन्य सदग्रंथों का प्रमाण देकर सनातन का



सच्चा अर्थ जनसमुदाय को समझाते हुए भाव-विभोर कर दिया। अपने प्रवचन के दौरान क्रांतिकारी युवा संत अभय साहेब ने स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस, मीरा, नानक रविदास आदि महापुरुषों के जीवन वृतांत एवं दर्शन को बताते हुए सनातन का सच्चा अर्थ संगीतमय ढंग से श्रोता समाज को समझाते हुए ईश्वर प्राप्ति का मार्ग गुरु की शरणागति प्रमाणित की। उन्होंने कहा कि चित्र की पूजा तो हर कोई करता है लेकिन यदि हम महापुरुषों के चरित्र की पूजा कर लें तो हमारा मानव जीवन का कल्याण हो जाएगा। उन्होंने अपने प्रवचन में



कबीर दास के दोहे के माध्यम से बाह्य आडम्बर से बचकर अपने भीतर के राम को पहचानने की सीख दी।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर पूर्व सरपंच सविता गंजीर ने सत्संग का लाभ लेते हुए संत समाज के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की एवं श्रोता समाज को संत महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, दयालुराम साहू, मंशाराम साहू, वेदराम साहू, हेमलाल साहू, खिलेश्वर साहू, नरेश, लता साहू, मनीषा साहू, रम्पा साहू, अंगिरा साहू, बिसाहिन, दुर्गा बाई, केंवरा, चंदा बाई का विशेष

### एमओयू प्रक्रिया तत्काल पूर्ण कराने की मांग

**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत व्यावसायिक प्रशिक्षकों से जुड़े दो गंभीर मुद्दों को लेकर संघ ने राज्य सरकार और संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित किया है। संघ ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 1000 की वेतन वृद्धि की राशि राज्य को प्राप्त हो चुकी है, इसके बावजूद प्रशिक्षकों को अब तक एरियर्स सहित भुगतान नहीं किया गया है। यह स्थिति तब है जब सभी प्रशिक्षक नियमित रूप से विद्यालयों में सेवाएं दे रहे हैं। इसके साथ ही नवीन नियुक्त व्यावसायिक प्रशिक्षकों का वेतन विभाग एवं सेवा प्रदाता कंपनियों के बीच एमओयू प्रक्रिया पूर्ण न होने के कारण लंबित है। नियुक्ति के बाद से ही प्रशिक्षक निरंतर शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य कर रहे हैं, फिर भी उन्हें वेतन से वंचित रखा गया है। संघ का कहना है कि वेतन रोकना न तो प्रशासनिक रूप से उचित है और न ही मानवीय दृष्टिकोण से स्वीकार्य। संघ ने मांग की है कि एमओयू प्रक्रिया तत्काल पूर्ण कर सभी नवीन प्रशिक्षकों का लंबित वेतन जारी किया जाए तथा 1000 वेतन वृद्धि की राशि एरियर्स सहित दी जाए।

तेलीनसत्ती में जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ

# साहू समाज की दृष्टि से धमतरी सबसे शिक्षित जिला : अरूण

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने की समाजजनों की मांग पर 20 लाख की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री/धमतरी





जिला साहू संघ का शपथ ग्रहण एवं तेलीनसत्ती माता महोत्सव का आयोजन जिले के ग्राम तेलीनसत्ती में हुआ। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष ने शपथ दिलाई। सभी ने समाज की एकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव थे। अध्यक्षता डॉ. निरेन्द्र साहू अध्यक्ष छग प्रदेश साहू संघ ने की। प्रमुख अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष साहू संघ विपिन साहू थे। अति विशिष्ट अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी, चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद, लेखराम साहू पूर्व विधायक, रंजना साहू पूर्व विधायक, विशिष्ट अतिथि चित्ररेखा साहू, दयाराम साहू, रामखिलावन साहू, रामकिशुन साहू, सुंदरलाल साहू, अरूण सार्वा, लक्ष्मीनारायण साहू, रघुनंदन साहू, बालाराम साहू, रामदयाल साहू, चितरंजन साहू, बीरेन्द्र साहू, गीतेश्वरी साहू, ज्योति साहू, मनीषा साहू, शारदा साहू, देवेन्द सिन्हा सरपंच तेलीनसत्ती थे। अतिथियों ने तेलिनसत्ती माता और कर्मा मंदिर में पहुंचकर पूजा की।

मंच पर मुख्य अतिथि श्री साव का पुष्पहार से भव्य स्वागत किया गया। नये पदाधिकारी अध्यक्ष गणेशराम साहू, उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, निर्मला साहू, संगठन सचिव सुभाष साहू, दुर्गा साहू को प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू ने शपथ दिलाई। महासचिव के पद पर सरपंच संघ कुरूद के अध्यक्ष हरिशंकर साहू सहित विजय साहू को शपथ दिलाई गई।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जिला साहू संघ के अध्यक्ष गणेशराम साहू ने कहा कि आज का दिन केवल शपथ ग्रहण का नहीं है, बल्कि संकल्प, संघर्ष और समाज निर्माण का दिन है। आज हम सबने पद की नहीं बल्कि जिम्मेदारी, ईमानदारी और समाजसेवा की शपथ ली है। समाज एक व्यक्ति से नहीं बल्कि एकता, संगठन और अनुशासन से आगे बढ़ता है। उन्होंने समाज के हर बच्चे को शिक्षा, हर युवा को दिशा, हर मातृशक्ति को सम्मान, हर जरूरतमंद को सहारा, अंतरजातीय विवाह और धर्मांतरण रोकने की भी बात कही। इस दौरान उन्होंने समाज परिसर के लिए 50 लाख की मांग की। इस दौरान आराध्या साहू की पंडवानी और ग्राम तरसींवा का महिला राउत नाचा भी हुआ।

### आज समाज में पैसा है, पद है लेकिन संस्कार की कमी

मुख्य अतिथि अरूण साव ने कहा कि धमतरी जिला छत्तीसगढ़ का सबसे समृद्ध जिला है। साहू समाज की दृष्टि से सबसे शिक्षित जिला है। धमतरी से पूरे प्रदेश का विघ्नहरण होगा, ऐसा मानता हूं। समाज के मजदूर, गरीब, शिक्षित, अशिक्षित सभी को जोड़ना है। उन्हें एहसास दिलाना है कि समाज उनके सुख-दुख में खड़ा है। आज समाज में पैसा है, पद है लेकिन संस्कार की कमी है। व्यापार बढ़े, शिक्षा बढ़े लेकिन संस्कार की चिंता परिवार को करनी है। उन्होंने मांग के अनुरूप समाज को 20 लाख रूपये देने की घोषणा की।

नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

# सरकार धान खरीदी के नाम पर किसानों को कर रही परेशान



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के पार्षद व नेता प्रतिपक्ष हरीश साहू ने नगरी स्थित धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। मौके पर अधिकारियों व कर्मचारियों को किसानों के हित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री साहू ने कहा कि किसानों के खून-पसीने की कमाई के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसान वर्षभर कठिन परिश्रम कर धान का उत्पादन करता है, इसलिए उसका एक-एक दाना खरीदा जाना उसका अधिकार है। किसी भी किसान का धान अनावश्यक कारणों से रद्द नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक किसान के धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मंडी समिति के अधिकारी-कर्मचारी, पटवारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया।

# आपरेशन सिंदूर पर नृत्य नाटिका की दी प्रस्तुति



**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि कोसमर्रा में हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस मनाया गया। प्राचार्य डीएल साहू ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुलेश्वर साहू सरपंच ने ग्राम पंचायत, कांशीराम साहू प्रधानाध्यापक ने माध्यमिक शाला में ध्वजारोहण किया। स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलेश्वर साहू सरपंच थे। अध्यक्षता डीएल साहू प्राचार्य ने की। विशेष अतिथि खेमेश्वर राव वाकड़े अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, ओमप्रकाश साहू पूर्व सरपंच, मणीराम साहू सासंद प्रतिनिधि, अशोक साहू अध्यक्ष पालक समिति, पंकज साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति माध्यमिक शाला, भगवानीराम शांडिल्य पूर्व प्राचार्य, चंद्रहास साहू पूर्व जनपद सदस्य , उत्तम कुमार साहू पूर्व संरक्षक पालक समिति थे। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, छत्तीसगढ़ी नृत्य, आपरेशन सिंदूर पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का संचालन पुष्पेन्द्र गुरु एवं अनिल साहू व आभार व्यक्त कांशी राम साहू प्रधानाध्यापक ने किया। मौके पर चैतराम साहू, बालकृष्ण साहू, संतोष जगताप, वासुदेव सोनबेर, रविन्द्र बंधे, मानसिंह जांगड़े, हरिश्चंद्र नेताम, सीमा होनी, किरण मनहर, उत्तरा गंजीर, खिलेश्वरी, प्रमोद बैस व एनएसएस, स्काउट गाइड एवं रेडक्रास के छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला में मना वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



महाश्वेता शिशु मन्दिर सुपेला में वार्षिक उत्सव मनाया गया। छात्रों ने सुवा, कर्मा, ददरिया, बारहमासी, संबलपुरी, गुजराती, मराठी, राजस्थानी, बस्तरिहा गीत की प्रस्तुति दी। प्रधानपाठक ने कहा कि वार्षिक उत्सव समारोह से बच्चों के अंदर छिपी हुई कला सामने आती है। मौके पर मूलचंद साहू अध्यक्ष ग्राम विकास, चेतन देवांगन सरपंच, पूरनलाल साहू उपसरपंच, द्वारिकाप्रसाद प्रधान सचिव ग्राम विकास समिति, कृष्णदयाल साहू संरक्षक, पंचराम ध्रुव संकुल समन्वयक, सोहन साहू, हरिचरण साहू, परमानंद साहू, नरसिंह साहू, गोकुल यादव, बालमुकुंद ध्रुव सहित अन्य उपस्थित थे।

HEALTH TOWN




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## अंचल की खबरें

### 1 व 2 फरवरी को देवपुर मेला

**धमतरी।** माघ पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम देवपुर डोंगापथरा में 1 व 2 फरवरी को मेला का आयोजन किया गया है। 1 फरवरी को रात्रि में हिमांशी वासनिक लोककला मंच (अनुराग धारा) राजनांदगांव का कार्यक्रम होगा। 2 फरवरी को सोन के मुंदरी लोककला मंच सुकालू यादव पोटियाडीह की प्रस्तुति होगी।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**धमतरी।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण किया। गौरतलब है कि यह दिवस महात्मा गांधी का निर्वाण दिवस भी है। इस अवसर पर महात्मा गांधी सहित देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों को याद किया, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

■ शहीदों की स्मृति में कलेक्टोरेट में अधिकारी-कर्मचारियों ने रखा दो मिनट का मौन

### अधिवक्ता संघ ने मनाया गणतंत्र दिवस



**धमतरी।** कुरुद न्यायालय में अधिवक्ता संघ द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस दौरान न्यायालय के सफाई कर्मचारी प्रवीण चौहान को उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश राधेश्याम ध्रुव, न्यायाधीश निलेश निराला, अध्यक्ष रमेश पांडे, सचिव यशवंत साहू, नरेश, पूर्व सचिव हेमंत सिन्हा, रमेश सिन्हा, अरविंद गुरु, तरुण यदु, मनहरण तारक, ईश्वर तारक, ममता सोनकर, जयप्रकाश साहू, दीपक परमार, जालम साहू, खिलेंद्र साहू, पुरुषोत्तम साहू, मुकेश, मोहिंद्र चंद्राकर समेत न्यायालय के कर्मचारी रहे।

### सरपंच ने जिओ टावर लगाने की मांग की



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम पंचायत केरेगांव के आश्रित ग्रामों में इन दिनों नेटवर्क की काफी समस्या बनी रहती है। केरेगांव सरपंच अकबरराम मंडावी ने जिओ टावर लगाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि राशन दुकान में ओटीपी वगैरह की समस्या हमेशा बनी रहती है। इस क्षेत्र में आए दिन बिजली बंद होने से यह समस्या और जटिल हो जाती है। यहां बीएसएनल का टावर है। यदि जिओ टावर लगा दिया जाता है तो हर्राकोठी, रायपारा, नाथूकोन्हा, जामपानी, कुर्माझर, पंडरीपानी, कोर्रा, डोकाल समेत अनेक गांवों के मोबाइलधारकों को इसका लाभ मिल सकता है। सरपंच ने आगे बताया कि केरेगांव क्षेत्र के अधिकांश गांव सघन वन एवं नालों से घिरे हुए हैं इसलिए हमेशा नेटवर्क की समस्या रहती है। जिओ टावर लगने से समस्या से मुक्ति मिल जायेगी।

### सारंगपुरी में लहराया तिरंगा



**धमतरी।** ग्राम पंचायत सारंगपुरी में गणतंत्र दिवस मनाया गया। शाला प्रांगण में पूजा पाठ के बाद ध्वजारोहण किया। इसके बाद बाद पंचायत भवन में महात्मा गांधी और भारत माता के तैलचित्रों की पूजा-अर्चना करने के बाद ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में सरपंच रामकुमार यादव, उपसरपंच देवचरण नेताम, सचिव जीवनलाल साहू, रोजगार सहायक रोशन साहू, पंचगण कांति नेताम, भोजलाल कंवर, मंजू ध्रुव समेत अन्य मौजूद रहे।

### भारत के वीर सपूतों को किया नमन



**धमतरी।** ग्राम कसही में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में ध्वज स्थल पर भारत के वीर सपूतों के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष नारद कश्यप ने ध्वजारोहण किया। रैली आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंची। श्रीमती नीतू कश्यप आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने वीर सपूतों के चित्र पर माल्यार्पण किया। आगे रैली बजरंग चौक पहुंची। शिक्षाविद बीएस कश्यप ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण पूजा-अर्चना की। बालक-बालिकाओं द्वारा संगीत, नृत्य, नाटक, देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। प्रतिभावान छात्रों को सम्मान किया गया।

### अवंतिका बनीं एमबीबीएस डॉक्टर



**धमतरी।** अवंतिका रणसिंह ने फॉरेन ग्रेजुएट परीक्षा दिसंबर 2025 में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है। वह शुरू से मेधावी छात्रा थी। 12वीं पास होने के बाद शासकीय कर्मचारी साख समिति द्वारा प्रतिभा सम्मान से इन्हें सम्मानित किया गया था। इनके पिता राकेशराव रणसिंह एवं मां श्रीमती स्नेहा रणसिंह व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। वह स्व नंदाराव-शशिकला घोरपड़े की नातिन हैं। इनकी सफलता पर कृपाशंकर मिश्रा अध्यक्ष शासकीय कर्मचारी साख सहकारी समिति धमतरी, यशकरणसिंह गजेंद्र, अनीता घोरपड़े, होलाराम परिहा, अरुण कुमार गौर, चंद्रकुमार चंद्राकर, नंदकिशोर साहू, कृष्णाराम साहू, टिकेश्वरी वर्मा, गणेशराव पवार, राजेंद्र चंद्राकर, मुकेश केसरी एवं राजकुमार मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### जिले के दो दिव्यांगों को मिला श्रवण यंत्र

**धमतरी।** दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के निरंतर प्रयासों के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि ग्राम रानीगांव तहसील नगरी निवासी नेकराम नागेश पिता सागर दास नागेश, जो 95 प्रतिशत श्रवण बाधित से प्रभावित हैं, को उनकी आवश्यकतानुसार उन्नत श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया। इसी प्रकार,सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड धमतरी निवासी श्रीमती विमला देवी पति ताराचंद, जो 40 प्रतिशत श्रवण बाधित हैं, को भी विभाग द्वारा श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण यंत्र मिलने के बाद हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि इस सहायक उपकरण की मदद से अब उन्हें संवाद करने और दैनिक कार्यों को सहजता से करने में काफी आसानी होगी।

## आक्रोशित किसानों ने भाठागांव सोसाइटी के गेट पर जड़ा ताला

# धान खरीदने की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

धान खरीदी के अंतिम दिन भाठागांव सोसाइटी में धान बेचने से वंचित हो रहे किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और वे गेट पर ताला लगाकर हड़ताल पर बैठ गए। इस दौरान शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर हल्ला मचाया। स्थिति तनावपूर्ण होते देख प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन सभी किसान उपज का टोकन काटकर खरीदी करने की जिद पर अड़े रहे। बाद में एसडीएम के आश्वासन बाद हड़ताल समाप्त हुई।

शुक्रवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा कुरूद के अधीनस्थ आने वाले भाठागांव सोसाइटी में सुबह जब किसान अपनी उपज लेकर खरीदी केंद्र के पास पहुंचे तो पहले से मौजूद अन्य किसानों ने अंतिम दिवस सभी कृषकों की उपज को खरीदने की मांग को लेकर गेट पर ताला जड़ दिया।

टोकन जारी हुए किसानों ने एक दूसरे का समर्थन करते हुए उपज भरे वाहनों को गेट के बाहर ही खड़ा कर दिया। इससे नेशनल हाईवे किनारे से लेकर खरीदी केंद्र तक लंबी लाइन लग गई। साथ ही किसानों ने गेट पर ही हड़ताल शुरू कर दी। यहां तक कि किसी भी कर्मचारियों को अंदर जाने नहीं दिया गया। किसानों ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए हल्ला मचाया। स्थिति बिगड़ते देख समिति के अधिकारियों ने आला अधिकारियों को सूचित किया। सुबह से ही एसडीएम नभसिंह कोसले, तहसीलदार सूरज सिंह बंछोर, एसडीओपी रागनी मिश्रा पुलिस बल के साथ सोसाइटी पहुंचे और किसानों को समझाने की कोशिश की।



#### धान खरीदी करने की जिद पर अड़े रहे किसान

बताया गया है कि भाठागांव सोसाइटी में 29 जनवरी को 1090 क्विंटल खरीदी करने टोकन जारी किया गया था। धान लेकर किसान खरीदी केंद्र तक पहुंचे थे। इसके बावजूद 4914 क्विंटल धान 107 किसानों का टोकन जारी करना बाकी है। जिसका भी कल ही टोकन जारी कर खरीदी करने के जिद पर किसान अड़े हुए थे। स्थिति का जायजा लेने अपर कलेक्टर इंदिरा सिंह, जिला खाद्य अधिकारी श्री कोर्राम, डीएमओ सुनील सिंह राजपूत, शाखा प्रबंधक टिकेंद्र बैस सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी भी पहुंचे थे। वहीं किसानों की समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेसी नेता नीलम चंद्राकर ने भी अधिकारियों से चर्चा की। व्यवस्था बनाने प्राधिकृत अधिकारी आदर्श चंद्राकर, कुलेश्वर चंद्राकर जुटे हुए थे।

#### एसडीएम ने टोकन जारी करने का दिलाया भरोसा

प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना था कि अगले दो दिन तक अवकाश है। ऐसे में आज अंतिम दिन उनकी उपज की खरीदी नहीं हुई तो वह इस साल धान बेचने से वंचित हो जाएंगे। इसलिए जितने भी किसान धान नहीं बेचे हैं, उन सभी किसानों का टोकन जारी कर खरीदी की जाए। अन्यथा कोई भी किसान आज धान नहीं बेचेंगे और न ही बेचने देंगे। साथ ही गेट नहीं खोलेंगे। काफी देर बाद उच्चाधिकारियों से चर्चा उपरांत एसडीएम नभसिंह कोसले ने सभी किसानों का धान शुक्रवार रात तक टोकन जारी कर खरीदने का भरोसा दिलाया। तब कहीं जाकर किसानों ने गेट का ताला खोला और अपने वाहनों एवं अधिकारी कर्मचारियों को अंदर आने जाने दिया।

### लंबित पदोन्नति व मध्यान्ह भोजन व्यवस्था पर जताया विरोध



**धमतरी।** सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन धमतरी का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष दौलत ध्रुव के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत मांगों को रखा। प्रतिनिधि मंडल ने प्राथमिक शालाओं में सत्र 2025-26 के लिए रिक्त प्रधानपाठक पद (ई एवं टी संवर्ग) की पदोन्नति सूची अब तक जारी नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। संघ ने चेतावनी दी कि यदि 28 फरवरी तक सूची जारी नहीं हुई तो डीईओ कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

मुलाकात के दौरान वर्तमान में रसोइयों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। संघ ने आरोप लगाया कि हड़ताल के दौरान प्रधानपाठकों पर मध्यान्ह भोजन बनाने का दबाव बनाया जा रहा है और भोजन नहीं बनने की स्थिति में वेतन रोकने के आदेश जारी किए गए हैं, जो पूरी तरह अनुचित है। जिलाध्यक्ष दौलत ध्रुव ने कहा कि रसोइयों को मात्र 66 रुपये प्रतिदिन मिलता है, ऐसे में कोई भी मजदूर इस दर पर काम करने को तैयार नहीं है। प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर व प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र वर्मा ने कहा है कि मध्यान्ह भोजन पकाने गांव से किसी मजदूर को अगर रखते है तो प्रतिदिवस मेहनताना रुपए 200 देना पड़ेगा,जिसकी भरपाई संस्था प्रमुख कहां से करेंगे। प्रांतीय पदाधिकारियों ने मांग की कि यदि बाहर से मजदूर रखना पड़े तो उसकी अतिरिक्त राशि के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। इसके अलावा सीटीईटी एवं सीजी टीईटी परीक्षा अनुमति से वंचित शिक्षकों के लिए पूरक सूची जारी करने तथा वार्षिक परीक्षाओं की समय-सारिणी में व्यावहारिक संशोधन की भी मांग रखी गई। संघ ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव का नगर में जोरदार स्वागत



■ धमतरी के विकास को लेकर महापौर एवं डिप्टी सीएम के बीच हुई सार्थक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

छग के उपमुख्यमंत्री अरुण साव जिला साहू संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इससे पहले सेहराडबरी स्थित अटल परिसर के सामने महापौर रामू रोहरा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों में जबरदस्त उत्साह रहा। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव का धमतरी आगमन नगर और जिले के विकास के लिए सकारात्मक संदेश है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनकल्याण और विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के बीच नगर के अधोसंरचना विकास, जनसुविधाओं के विस्तार एवं भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा हुई।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में नगर निगम के सभापति, पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित थे। इसके बाद उपमुख्यमंत्री जिला साहू संघ के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होने तेलीनसत्ती के लिए रवाना हुए।

#### कमारपारा चंदनपुर प्राथमिक शाला में 24 कमार बच्चों का भविष्य दांव पर

### एक शिक्षक के भरोसे पांच कक्षाएं

**कुकरेल(धमतरी)।** शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। आदिवासी विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत डोकाल के आश्रित ग्राम कमारपारा चंदनपुर में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर कमी सामने आई है। यहां शासकीय प्राथमिक शाला का भवन तो मौजूद है, लेकिन बीते चार वर्षों से मात्र एक ही शिक्षक पांच कक्षाओं का संचालन कर रहा है। चंदनपुर प्राथमिक शाला में कुल 24 कमार बच्चे अध्ययनरत हैं, जिनमें 14 छात्र और 10 छात्राएं शामिल हैं। एक ही शिक्षक द्वारा सभी कक्षाओं को पढ़ाना न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है, बल्कि बच्चों के समग्र विकास में भी बाधा बन रहा है।



स्थानीय पालकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं, लेकिन शिक्षक की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पा रही है। शिक्षक टेकराम साहू ने बताया कि शाला विकास समिति द्वारा कई बार अतिरिक्त शिक्षक की मांग की गई, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया है। शिक्षा सेवा प्रदाता के रूप में एक शिक्षिका की अस्थायी व्यवस्था की गई है, जिनकी नियुक्ति केवल एक शिक्षा सत्र के लिए है। इससे भविष्य में स्थिति और भी गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। नियमों के अनुसार, प्राथमिक शाला में विद्यार्थियों की संख्या चाहे कम ही क्यों न हो, कम से कम दो शिक्षकों की पदस्थापना अनिवार्य मानी जाती है। इसके बावजूद संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। परिणामस्वरूप, कमार बच्चों का शैक्षणिक भविष्य खतरे में पड़ता नजर आ रहा है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष फागूराम कमार और पालकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि चंदनपुर कमार पारा की प्राथमिक शाला में कम से कम दो अतिरिक्त शिक्षकों की शीघ्र व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।

### साईंनाथ धाम में धूमधाम से मना स्थापना दिवस



**धमतरी।** ओम श्री साईं सेवा समिति द्वारा जिला अस्पताल परिसर में स्थित श्री साईंनाथ धाम में धूमधाम से 26वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण किया। श्री साईंनाथ मंदिर में शुक्रवार को महायोगीराज साईंबाबा के स्थापना दिवस पर सुबह से ही अभिषेक पूजा शुरु हो गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु साईंबाबा मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचने लगे। पुजारी रामकुमार पांडे द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। पूजन के बाद हवन में श्रद्धालुओं द्वारा आहुति दी गई। आरती के बाद समिति द्वारा बैडमिंटन हाल में भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को श्री साईंबाबा की महाआरती की गई। ज्ञात हो कि ओम श्री साईं सेवा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष 30 जनवरी को साईंबाबा जी का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष आसूदामल जसूजा, उपाध्यक्ष सुषमा नंदा, संयुक्त सचिव गोपाल गांधी, श्रीनाथ सिंह, नरेंद्र परमार, लक्ष्मीनारायण साहू, राजेश माहेश्वरी, कार्यकारिणी सदस्य डा. आशा त्रिपाठी, निलेश भारद्वाज, राधेश्याम, बसंत मारकंडे, श्री सुधीर, पुजारी रोशन पांडे सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### भाजयुमो के नये जिलाध्यक्ष शुभांक मिश्रा का भव्य स्वागत





धमतरी। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष की घोषणा की गई। धमतरी भाजयुमो जिलाध्यक्ष के रूप में नगर के युवा नेता शुभांक मिश्रा को जवाबदारी मिली है। उनका धमतरी आगमन होने पर घड़ी चौक में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। उन्हें क्रेन के माध्यम से जम्बो हार पहनाई गई।

### नुक्कड़ नाटक से दिया यातायात जागरुकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत शनिवार की शाम को इतवारी बाज़ार में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर ग्रुप एवं उत्साही युवा मंच धमतरी के सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

साप्ताहिक बाज़ार में पहुंचे सैकड़ों नागरिकों ने नुक्कड़ नाटक, जागरूकता गीत, पोस्टर प्रदर्शनी और स्लोगन को देखा व सुना। कलाकारों ने हेलमेट, सीट बेल्ट, तेज़ गति एवं नशे में वाहन चलाने जैसे विषयों पर संदेश देते हुए सुरक्षित यातायात का आह्वान किया, जिसे लोगों ने सराहा।

पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन एवं नुक्कड़ नाटक में आकाश गिरि गोस्वामी, आशीष कुमार साहू, भूपेंद्र कुमार देवांगन, दुष्यंत सिन्हा, वैष्णवी साहू, परिणीति साहू, फाल्गुनी साहू, ज्योति साहू, सोहन लाल साहू, वैभव रणसिंह एवं सुनील की सहभागिता रही। कार्यक्रम शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर ग्रुप, उत्साही युवा मंच, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं यातायात पुलिस धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ जिसका उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति सजग बनाना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था।

### सतनाम रावटी, सतनाम सत्संग व शपथ ग्रहण 1 फरवरी को



**धमतरी।** सतनामी समाज, सतनामी शासकीय सेवक संघ एवं सतनामी समाज कल्याण समिति जिला धमतरी के संयुक्त तत्वाधान में 1 फरवरी को गुरु बालकदास सभा भवन जोधापुर धमतरी में दोपहर 12 बजे से सतनाम रावटी, सतनाम सत्संग, शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे। अध्यक्षता पूर्व विधायक आरंग नवीन मार्कण्डेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि केपी खांडे अध्यक्ष अजा आयोग, एलएल कोसलपल छग सतनामी समाज, जेआर सोनी महासचिव साहित्य अकादमी रायपुर, कमल कुर्रे प्रदेश अध्यक्ष युवा सतनामी समाज, हरिशंकर सोनवानी प्रदेश सदस्य किसान मोर्चा, महेश रोहरा अध्यक्ष सर्व हिन्दू समाज, अशोक पवार सचिव सर्व हिन्दू समाज, अज्जू देशलहरा, हेमंत बंजारे, सूरज गहरवार, श्रीमती रामेश्वरी कोसरे, श्रीमती सुमन मेश्राम, मीना बंजारे पूर्व सभापति जिपं, डॉ. सुरेंद्र कुर्रे संरक्षक सतनामी समाज, कपिल देशलहरा जिलाध्यक्ष, फग्गू लहरे उपाध्यक्ष, चंद्रकला बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष मगरलोड, उत्तम बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष भखारा एवं मीडिया प्रमुख राजेश रात्रे होंगे। दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक सतनाम सत्संग होगा। कार्यक्रम का संचालन रमेश लहरे करेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020